# दो दिवसीय कृषि विज्ञान प्रदर्शनी जैविक किसान मेला किसान गोष्ठी एवं पशु प्रदर्शनी

जनता कॉलेज बकेवर इटावा एवं कृषि विभाग इटावा के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय कृषि विज्ञान प्रदर्शनी, जैविक किसान मेला, किसान गोष्ठी एवं पशु प्रदर्शनी का आयोजन जनता कॉलेज बकेवर इटावा में किया गया।कार्यक्रम में सभी अतिथियों का स्वागत उद्बोधन कॉलेज के प्राचार्य डॉ राजेश किशोर त्रिपाठी ने किया। कार्यक्रम के समापन सत्र में मुख्य अतिथि कैलिफोर्निया सैन डिएगो विश्वविद्यालय, अमेरिका के प्रोफेसर विपिन कुमार चतुर्वेदी ने कॉलेज की व्यवस्था को देखकर काशी हिंदू विश्वविद्यालय के संस्थापक महामना मदन मोहन मालवीय जी के विचारों को बताते हुए उनके व्यक्तित्व पर उद्बोधन रखा । उन्होंने विज्ञान एवं स्वतः के आभास को परिभाषित करते हुए कहा कि सर्वहित के बारे में सोचने, समझने की बात की जाए तो सभी का भला हो सकता है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि के.जी.एम.यू. लखनऊ के ओशन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ सूर्यकान्त ने इटावा की धरती को इनोवेशन की जननी बताते हुए कॉलेज की सराहना की। उन्होंने पुस्तकालय में रखे ऋग्वेद एवं संविधान और उससे मिलने वाली प्रेरणा को बताया। डॉ सूर्यकांत ने सर्प दंश सहायता केंद्र की स्थापना के लिए कॉलेज की सराहना की और कहा कि सर्प दंश सहायता केंद्र स्थापित करने वाला यह कॉलेज उत्तर प्रदेश में प्रथम है। उन्होंने कहा कि जड़ को हमेशा मजबूत रखना चाहिए और जड़ की वजह से ही लोग इस कॉलेज में आने से हमेशा गौरवान्वित रहते हैं। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि अभिभावक चाहते हैं कि उनके बच्चे डॉक्टर, इंजीनियर, अधिकारी बने किंतु वही अभिभावक जिस दिन चाहेंगे कि हमारे बच्चे किसान बने, तो देश हमारा जरूर विकसित होगा। पंजाब नेशनल बैंक के फार्मर्स ट्रेनिंग सेंटर, सैफई, इटावा के निदेशक विपिन यादव ने बताया कि 2005 में किसान प्रशिक्षण केंद्र किसानों को तकनीकी से जोड़ने के लिए स्थापित किया गया था जो किसानो व महिला सशक्तिकरण एवं छात्रों के लिए निःशुल्क प्रशिक्षण कराता है। उन्होंने बताया कि 3 लाख महिलाओं का प्रशिक्षण कराया गया है और कहा कि एक महिला प्रशिक्षित होती है तो पूरा परिवार प्रशिक्षित हो जाता है। साथ ही बताया कि ईमानदारी से कोई कार्य करेंगे तो निश्चित ही सफल होंगे । प्रगतिशील किसान अमर सिंह ने कहा इस कॉलेज की मिट्टी की वह खुशबू है जो हर किसी व्यक्ति को सफल बना देती है। कॉलेज के प्रबंध समिति के सेक्रेटरी अरविंद मिश्रा ने प्राध्यापकों के मार्गदर्शन से छात्रों की सफलता देखकर कहा कि मन बहुत प्रफुल्लित होता है तथा इस आयोजन के लिए सभी को बधाई दी। कॉलेज में सर्प दंश सहायता केंद्र की स्थापना के लिए प्रदेश अध्यक्ष डॉ सूर्यकांत एवं जनपद कोऑर्डिनेटर डॉ आशीष त्रिपाठी के संयोजन में करने के लिए धन्यवाद दिया तथा सर्प दंश सहायता के लिए फोन नंबर 7017204213 बताया। किसान मेले के संयोजक डॉ एमपी सिंह ने दो दिवसीय कार्यक्रमों की आख्या प्रस्तुत की तथा सभी अतिथियों व प्राध्यापकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियो का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में प्रगतिशील किसान चंद्र मोहन यादव एवं लालाराम दोहरे जी ने भी कृषि मेले का सारांश प्रस्तुत किया। कृषि मेले में लगाए गए स्टॉल का सभी अतिथियों के द्वारा भ्रमण तथा मूल्यांकन किया गया। कृषि संकाय में प्रथम स्थान पर उद्यान विभाग एवं पादप रोग विज्ञान विभाग, द्वितीय स्थान पर शस्य विज्ञान विभाग, कृषि वनस्पति विभाग एवं कृषि प्रसार विभाग, तृतीय स्थान पर पशुपालन एवं दुग्ध विज्ञान विभाग मृदा संरक्षण विभाग मृदा विज्ञान एवं मृदा रसायन विज्ञान विभाग तथा सांत्वना पुरस्कार शारीरिक शिक्षा एवं कृषि अभियांत्रिकी विभाग का रहा। विज्ञान संकाय में प्रथम स्थान पर वनस्पति विज्ञान एवं जंतु विज्ञान विभाग, द्वितीय स्थान पर कंप्यूटर विज्ञान एवं रसायन एवं औद्योगिक रसायन विभाग तथा तृतीय स्थान पर गणित विभाग एवं भौतिक विभाग रहा। इनोवेशन के क्रम में नवाचार स्टॉल का प्रथम स्थान रहा वही लाइब्रेरी का भी प्रथम स्थान पर रहा। किसानों में लालाराम दोहरी जी का स्टाल प्रथम स्थान पर रहा एवं मेले प्रांगण में लगाए गए कृषि विभाग के द्वारा सभी स्टॉल को प्रमाण पत्र दिया गया। इस मौके पर प्रमुख रूप से नीरजा चौधरी, डॉ एके पांडेय, मनोज यादव, डॉ नलिनी शुक्ला, डॉ एमपी यादव, डॉ पी के राजपूत, डॉ धर्मेंद्र कुमार, डॉक्टर आदित्य कुमार, डॉ संजय विश्वकर्मा, डॉ संजीव कुमार, डॉ अभिषेक प्रताप सिंह, डॉ ज्योति भदोरिया आदिउपस्थित रहे।

# जनता कालेज, बकेवर (इटावा)

दिनांक : 09.02.2024

## <u>आवश्यक सूचना</u>

कालेज के समस्त प्राध्यापकों/विभागीय प्रभारियों को सूच्य है कि दिनांक 09-02-2024 को प्राचार्य की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई बैठक के निर्णयानुसार कृषि, विज्ञान प्रदर्शनी एवं किसान मेला का आयोजन कालेज में दिनांक 28, 29 फरवरी 2024 को प्रस्तावित है।

अतः आप सभी अपने विभागीय स्टॉल की तैयारी ससमय करने के साथ-साथ **"कृषि दर्पण पत्रिका"** हेतु अपना एक किसानोपयोगी लेख की सॉफ्ट एवं हार्ड कॉपी दिनांक 16-02-2024 तक डॉ. मनोज कुमार यादव को आवश्यक रूप से उपलब्ध करा दें। यहाँ यह भी सूच्य है कि कृषि, विज्ञान प्रदर्शनी एवं किसान मेला के विभागीय स्टॉल हेतु यदि किसी भी प्रकार के व्यय की आवश्यकता हो तो उसकी पूर्व स्वीकृति लेकर तैयारी करना/कराना सुनिश्चित करें।

9.2.24 | 9.2.24 | 12/2/24
---|---|---
(डॉ. एम.पी.सिंह) | (डॉ. अशोक कुमार पाण्डेय) | (डॉ. राजेश किशोर त्रिपाठी)
संयोजक | समन्वयक, आई.क्यू.ए.सी. | प्राचार्य


जनता कालेज बकेवर, इटावा
कृषि विभाग–इटावा
कृषि, विज्ञान प्रदर्शनी, जैविक किसान मेला एवं किसान गोष्ठी
28-29 फरवरी 2024
जनता कॉलेज, बकेवर (इटावा)
कृषि विभाग, इटावा (उ.प्र.)
के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित
कृषि, विज्ञान प्रदर्शनी, जैविक किसान मेला
किसान गोष्ठी एवं पशु प्रदर्शनी
परम्परागत कृषि विकास योजनान्तर्गत आयोजित
दो दिवसीय जैविक किसान मेला कार्यक्रम
स्थान : जनता कालेज, बकेवर (इटावा)
दिनांक : 28 व 29 फरवरी 2024



